आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 13 ● कटनी ● सोमवार, 14 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in



## शेयर बाजार में हाहाकार

## निवेशकों को 5 लाख करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल मार्केट के बीच भारतीय बाजार की शुरुआत आज भारी गिरावट के साथ हुई है। सोमवार सुबह 09.22 बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1163 पॉइंट्स टूटकर 56,989 अंक पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को पहले ही मिनट में 5 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। आज सेंसेक्स शनिवार से 1,432 अंक नीचे 56,720 पर खुला था। इसने 57,140 का ऊपरी स्तर और 56,720 का निचला स्तर पहले घंटे में ही टच कर लिया।

**सेंसेक्स 1163 पॉइंट्स टूटकर 57 हजार के नीचे पहुंचा**

सेंसेक्स के 30 शेयर्स में केवल ङ्मष्ट्र ही बढ़त में है, बाकी 29 शेयरों में गिरावट है। बैंकिंग शेयर्स जमकर टूटे हैं। SBI y%, HDFC x% और ICICI बैंक का शेयर 3.50त्न टूटा है। आज लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 258.11 लाख करोड़ रुपए रह गया, जो शुक्रवार को 263.47 लाख करोड़ रुपए था। शुक्रवार को BSE का सेंसेक्स 773 पॉइंट्स गिर कर 58,152 पर, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 231 अंक टूटकर 17,374 पर बंद हुआ था।

शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भारी गिरावट पर बंद हुए। डाऊजोंस में 503, एसएंडपी 500 में 1.9प्रश की गिरावट रही, जबकि नैस्डैक भी 294 अंक फिसलकर 14000 के नीचे बंद हुआ। यूक्रेन पर रूस हमला करने की आशंका से बाजार टूटे हैं। यूक्रेन पर तनाव बढ़ने से ब्रेंट 96 डॉलर के करीब पहुंचा है। सितंबर 2014 के बाद की ऊंचाई पर कच्चा तेल पहुंचा है।विश्लेषकों के मुतबाबिक अभी बाजार में कारोबार एक दायरे में रहेगा। इसके साथ ही निवेशकों की निगाह वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी रहेगी।

# गोवा में वोटिंग की रफ्तार सबसे तेज




## यूपी में धीमी तो उत्तराखंड में बेहद सुस्त

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड और गोवा के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 55 सीटों के लिए सोमवार को मतदान हो रहा है। यूपी और गोवा में जहां सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। वहीं उत्तराखंड में 8 बजे मतदान जारी है। गोवा और उत्तराखंड में मतदान एक ही चरण में संपन्न हो जाएगा, वहीं उप्र में पांच चरण शेष रह जाएंगे। सभी सीटों पर मतगणना 10 मार्च को होगी। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समाचार लिखे जाने तक गोवा में 30 प्रश , यूपी में 28 और उत्तराखंड में 27 प्रश मतदान दर्ज हुआ है।

बरेली की आंवला विधानसभा में अलीगंज थाना थाना के गांव ढकिया में सड़क को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इस वजह से ग्रामीणों ने मतदान करने से मना कर दिया। मगर कुछ लोगों ने मतदान भी किया है। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने जबरन घर से पकड़ कर 3 फीसदी मतदाताओं का मतदान करवाया। आज सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर जिले में वोटिंग जारी है। बिजनौर के नूरपुर इलाके में दो गुटों में मारपीट हो गई। जबकि सहारनपुर में पीठासीन अधिकारी की हृदयाघात से मौत हो गई गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों पर सोमवार को मतदान शुरू हो चुका है। इसके साथ ही यहां पर वोटिंग के लिए माननीयों का आना भी शुरू हो गया है। सभी पार्टियों ने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चौकस किया गया है।

### रोड नहीं तो वोट नहीं, मनाने में जुटे सभी

रोड नहीं तो वोट नहीं। धनुआ गांव को आने वाला मार्ग कच्चा और जलभराव होने की वजह से लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि 5 साल हमने इंतजार किया। लेकिन रोड नहीं बना। सुबह सात बजे से उन्होंने मतदान का बहिष्कार कर दिया।




## 1 यशभारत पहुंचा लाख तक

## जनता के बीच उतरा खरा

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी-जबलपुर के लोगों का आभार, जो प्यार-आशीर्वाद दिया वह लगातर ऐसे ही बना रहा है। अखबार क्षेत्र में लोगों के सपनो और इरादों में खरा उतरने के बाद यशभारत सोशल मीडिया में भी अग्रणी हो गया है। बहुत कम समय पर यशभारत न्यूज पोर्टल 1 लाख लोगों तक पहुंच गया है। यशभारत परिवार आशा करता है कि 1 लाख का ये आकड़ा निरंतर ऐसी ही बढ़ता रहे। हमने अखबार के साथ यशभारत न्यूज पोर्टल में शहर हित से जुड़ी खबरें, लोगो की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबरों में निष्पक्षता रखने की बदौलत यशभारत न्यूज पोर्टल 1 लाख लोगों तक पहुंच गया। यशभारत परिवार मां नर्मदा और ईश्वर से कामना करता है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में हम यूं ही आगे बढ़ते रहे। आने वाले दिनों में हम और बेहतर कर सकें इसके लिए यशभारत न्यूज पोर्टल से जुड़े लोगों का प्यार-आशीर्वाद यूं ही मिलता रहे। अगर आप हमारे साथ सोशल मीडिया में नहीं जुड़े है तो आज ही सब्सक्राईब करें यशभारत डॉट को डॉट इन। अब आपका विश्वनीय यशभारत सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मस् पर उपलब्ध। खबरों के वीडियो देखने के लिये हमारा यूट्यूब न्यूज चैनल यशभारत सब्सक्राईब करें और हर घटना की तुरंत जानकारी ले।

## चौथी डिजिटल स्ट्राइक

## ब्यूटी कैमरा , स्वीट सेल्फी समेत चीन के 54 ऐप बैन

**नई दिल्ली।** चीन पर भारत ने एक बार फिर बड़ी साइबर सर्जिकल स्ट्राइक की है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 54 चीनी ऐप्स पर बैन लगा दिया है। इनमें ब्यूटी कैमरा और स्वीट सेल्फी HD जैसे पॉपुलर ऐप शामिल हैं। बैन किए गए ऐप्स की लिस्ट में सेल्फी कैमरा, इक्वलाइजर एंड बास बूस्टर, सेल्सफोर्स एंट के लिए कैमकार्ड, आइसोलैंड 2: एशेज ऑफ टाइम लाइट, वाइवा वीडियो एडिटर, टेनसेंट एक्सरिवर, ओनमोजी चेस, ओनमोजी एरिना, ऐप लॉक और डुअल स्पेस लाइट शामिल हैं।




इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने अपनी पड़ताल में पाया कि ये सभी एप्स भारतीय यूजर्स का डेटा चीन और अन्य देशों में भेज रहे थे। इन ऐप्स के जरिए विदेशी सर्वर्स पर भी यूजर्स का डेटा पहुंच रहा था। सरकार ने इन ऐप्स को गूगल के प्ले-स्टोर समेत बाकी प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। भारत सरकार ने इसके पहले 29 जून 2020 को चाईनीज ऐप्स बैन किए थे। 29 जून 2020 को पहली डिजिटल स्ट्राइक करते हुए 59 ऐप्स पर प्रतिबंध लगाया था।

## NSE की पूर्व एमडी योगी की सलाह लेने पर फंसीं

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की पूर्व एमडी एवं सीईओ चित्रा रामकृष्ण हिमालय के अदृश्य योगी की सलाह पर फैसले लेती थीं। इन्हीं बाबा की सलाह पर उन्होंने आनंद सुब्रमण्यम को एक्सचेंज में समूह परिचालन अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक का सलाहकार नियुक्ति किया था। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को चित्रा अन्य के खिलाफ पारित अपने अंतिम आदेश में यह खुलासा किया। सेबी ने चित्रा रामकृष्ण और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि नारायण समेत अन्य लोगों पर जुर्माना लगाया है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर 1 जुलाई से

## चम्मच, गिलास से लेकर झंडे-बैनर और ईयरबड तक होंगे बंद

**नई दिल्ली।** पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टिक के झंडों से लेकर ईयरबड तक पर एक जुलाई से पाबंदी होगी। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने इसके उत्पादन, भंडारण, वितरण और इस्तेमाल से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। इसमें 30 जून से पहले इन पर पाबंदी की तैयारी पूरी करने को कहा गया है। एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक माना जाता है। ये प्लास्टिक उत्पाद लंबे समय तक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। नुकसान को देखते हुए अगस्त 2021 में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने इस पर रोक को लेकर अधिसूचना



जारी की थी। इसमें एक जुलाई से इस तरह के तमाम आइटमों पर पाबंदी लगाने को कहा गया था। इसी क्रम में सीपीसीबी की ओर से सभी संबंधित पक्षों के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि 30 जून तक इन आइटमों पर पाबंदी की सारी तैयारी पूरी कर ली जानी चाहिए। इन वस्तुओं पर रहेगी पाबंदी = सीपीसीबी के नोटिस के मुताबिक एक जुलाई से प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड, गुब्बारे में लगने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट में काम आने वाले थर्माकोल आदि शामिल हैं।

## तीसरी लहर की हो रही छुट्टी!

### एक दिन में सिर्फ 34 हजार केस, एक्टिव मामले 5 लाख से भी कम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के मामलों में लगातार गिरावट ने हेल्थ सिस्टम से लेकर बाजार तक की उम्मीदों को एक बार फिर से परवान चढ़ा दिया है। नए केसों में लगातार गिरावट जारी है और बीते एक दिन में महज 34,113 नए केस ही पाए गए हैं। यही नहीं इस दौरान कोरोना से रिकवर होने वाले लोगों की संख्या करीब तीन गुना है। एक दिन में 91,930 लोग कोरोना संक्रमण से रिकवर हुए हैं। इसके चलते एक्टिव केसों की संख्या भी तेजी से घटी है और अब आंकड़ा 5 लाख से नीचे पहुंच गया है। फिलहाल देश भर में कोरोना के कुल 4,78,882 ही सक्रिय मामले बचे हैं। अब तक देश भर में मिले कुल कोरोना केसों के मुकाबले एक्टिव केसों का प्रतिशत भी तेजी से कम होते हुए 1.12 फीसदी ही रह गया है। इसके अलावा रिकवरी रेट में इजाफा हुआ है और यह बढ़कर 97.68 फीसदी हो गया है। यही नहीं डेली पॉजिटिविटी रेट कम होकर 3.19 फीसदी ही बचा है। वहीं वीकली पॉजिटिविटी रेट भी 3.99 पर्सेंट ही रह गया है। इस तरह देश में कोरोना की तीसरी लहर लगातार कमजोर होती दिख रही है। 20 जनवरी के आसपास इसका पीक देखने को मिला था, जब नए केसों का आंकड़ा लगातार 3 लाख के करीब बना हुआ था, लेकिन अब इसमें गिरावट ने उम्मीदें बढ़ा दी हैं।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत देश भर के तमाम राज्यों में स्कूलों को खोल दिया गया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, यूपी, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में नाइट कर्फ्यू समेत तमाम पाबंदियों को भी समाप्त कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इससे आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिल सकेगी। बीते दो सालों में बाजार में जो गिरावट देखने को मिली है, अब उसकी रिकवरी की उम्मीद आर्थिक जानकारों की ओर से की जा रही है। ऐसे में कोरोना के लगातार घटते केसों ने अर्थव्यवस्था से लेकर अन्य तमाम मामलों में देश की उम्मीद बढ़ाने का काम किया है।






## मप्र में पूरी क्षमता से खुलेंगे उच्च शिक्षण संस्थान

**भोपाल, ।** मध्य प्रदेश में अब उच्च शिक्षण संस्थान पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। सरकार ने रात्रिकालीन कर्फ्यू को छोड़कर बाकी सभी प्रतिबंध समाप्त कर दिए हैं। अभी तक कालेज और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन आधी क्षमता के साथ किया जा रहा था। वार्षिक परीक्षाएं समय पर हों, इसकी तैयारी के लिए उच्च शिक्षा मंत्री कुलपतियों के साथ इसी सप्ताह बैठक करेंगे।उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए गए थे। अब स्थिति नियंत्रण में हैं और अब कालेज और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां पूरी क्षमता के साथ संचालित होंगी। परीक्षाएं शारीरिक दूरी का पालन कराते हुए आफलाइन होंगी। इसकी तैयारियों के लिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जल्द ही बैठक करेंगे। विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम संबंधी दिशानिर्देशों का पालन अवश्य करना होगा। कोरोना संक्रमण के वजह से पिछले दो शिक्षण सत्र प्रभावित हुए हैं। ओपन बुक पद्धति से परीक्षाएं ली गई थीं। विश्वविद्यालयों ने प्रश्न पत्र तैयार करके वेबसाइट पर अपलोड कर दिए थे।

**समय पर होंगी परीक्षा**

### कर्नाटक हिजाब विवाद

## हाईकोर्ट में आज फिर सुनवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हिजाब मामले में 14 फरवरी यानी सोमवार को हाईकोर्ट में दोबारा सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान स्कूल-कॉलेजों में धार्मिक ड्रेस कोड को लेकर कोर्ट अपना फैसला सूना सकती है। इससे पहले 10 फरवरी को हुई सुनवाई में कोर्ट ने अगले आदेश तक स्कूल-कॉलेजों में हिजाब समेत अन्य धार्मिक कपड़े पहनने पर रोक लगाया था। साथ ही हाईकोर्ट ने स्कूल-कॉलेजों को खोलने के आदेश दिए थे। हिजाब विवाद के बाद राज्य में आज से 9वीं और 10वीं के स्कूल खुल गए हैं। सीएम बसवराज बोम्मई ने भरोसा जताया है कि राज्य में हालात फिर से सामान्य हो जाएंगे और शांति के साथ छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। इस मामले में उन्होंने शिक्षा मंत्री बीसी नागेश से स्कूल और कॉलेजों की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

## पीएसएलवी-सी 52 अंतरिक्ष की ओर

### इसरो ने की साल के पहले मिशन की लॉन्चिंग सफल

**बेंगलुरु।** 25:30 घंटे की उल्टी गिनती के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस साल के पहले प्रक्षेपण मिशन को सोमवार को लॉन्च कर दिया। सोमवार तड़के जैसे ही सुबह के 5.59 मिनट हुए, इसरो ने सैटेलाइट ईओएस-04 का प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी52 के जरिये हुआ। इसके साथ ही दो अन्य छोटे सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। इस मिशन की सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के बाद सभी ने ताली बजाकर इसका स्वागत भी किया। इस मिशन के तहत रडार इमेजिंग EOS-04 को अंतरिक्ष में भेजा गया है। 1,710 किलो वजनी ईओएस-04, अंतरिक्ष में 529 किलोमीटर के सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में चक्कर लगाएगा। इसरो ने बताया कि ईओएस-04 राडार इमेजिंग सैटेलाइट है। इसका इस्तेमाल पृथ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में होगा। इनसे कृषि, वानिकी, पौधरोपण, मिट्टी में नमी, पानी उपलब्धता और बाढ़ ग्रस्त इलाकों के नक्शा को तैयार करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा दो अन्य सैटेलाइट को भी अंतरिक्ष में भेजा गया है। यह पीएसएलवी की 54वीं उड़ान है और 6 पीएसओएस-एक्सएल (स्ट्रैप-ऑन मोटर्स) के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन का इस्तेमाल करते हुए 23वां मिशन है।



## अब किसानों को ई-रुपी के माध्यम से मिलेगा अनुदान

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। कृषि उपकरणों पर दिया जाने वाला अनुदान अब ई-रुपी के माध्यम से मिलेगा। प्रकरण स्वीकृत होने के बाद किसान के नाम पर ई-रुपी वाउचर जारी होगा। इसे दिखाकर वह अधिकृत उपकरण विक्रेता से अपनी पसंद के उपकरण लेगा। उपकरण के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसान को मोबाइल फोन पर ओटीपी भेजा जाएगा। जैसे ही वह सहमति देगा, उपकरण निर्माता कंपनी को भुगतान हो जाएगा।



# सूर्य, चन्द्र और लग्न की गणना से होती है राशियों की भविष्यवाणी

**जबलपुर,यशभारत। जीवन ज्योतिष कार्यक्रम को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। जिसके पीछे कारण है कि इसमें न केवल लोग अपनी कुण्डली के विषय में जानकारी ले रहे है बल्कि यह भी जानकारी हासिल कर रहे है कि कुण्डली और राशियों को कैसे समझा जा सकता है, पिछले कार्यक्रम में हमने चर्चा की थी कि हमारी जन्मपत्री किस प्रकार से बनती है ,वहीं आज के कार्यक्रम में हम जानेगें कि राशियां क्या है और इनकी गणना किस प्रकार करते है। तो आईये यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में राशियों के विषय में जाने**


यश भारत जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### राशियां क्या है

ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा कहते है कि हमने पिछले कार्यक्रम में जन्मपत्री पर चर्चा की थी और जाना कि उत्तर भारत की जन्मपत्री और दक्षिण भारत की जन्मपत्री, इसमें दो चीजें महत्वपूर्ण होती है एक राशि और दूसरा ग्रह। आपने देखा होगा कि हम प्रतिदिन राशिफल देखते है जो साप्ताहिक और मासिक भी होते है, प्रत्येक व्यक्ति कि अलग अलग राशि होती है जिसके आधार पर हमारे नाम रखे जाते है।

### राशियों के प्रकार

दक्षिण भारत में राशि कुछ अलग होगी और उत्तर भारत में राशि अलग होगी वही पाश्चात्य देशों में भी राशि अलग होती है, कई लोग चन्द्र राशि को उपयोग में लाते है और कई लोग सूर्य राशि को, चन्द्र राशि का मतलब जिस समय हमारा जन्म हुआ है उस समय चन्द्र किस राशि में भ्रमण कर रहे थे वो हमारी चन्द्र राशि है, आमतौर पर हम उत्तर भारत में हम इसे चन्द्र राशि कहते है। इसी तरह दक्षिण भारत और पाश्चात्य देशों में सूर्य राशि मानते है, जिसमें जिस समय आपका जन्म हुआ उस समय सूर्य किस राशि में था उसे सूर्य राशि कहते है।



यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में जाने ज्योतिष के विषय में मनोहर वर्मा से यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के साथ

### गति के आधार पर गणना

सूर्य एक राशि में एक महीने भ्रमण कर रहा है, जैसे मकर संक्राति में सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और एक महीने बाद वह कुंभ राशि में प्रवेश कर जाता है जैसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही एक महीने के भ्रमणकाल के दौरान जितने भी लोग जन्म लेगें वह सभी मकर राशि के जातक कहलाएगें। ठीक ऐसे ही चन्द्र प्रत्येक राशि में सवा दो दिन तक भ्रमण करता है मान लीजिये चन्द्र धनु राशि में है तो, ऐसे समय जन्में बालक या बालिका धनु राशि होगी। तो चन्द्र राशि में जितने लोग होते है उनसे बारह गुणा ज्यादा जातक सूर्य राशि के होते है। चन्द्र राशि में जहां सवा दो दिन में आपकी राशि बदल जाती है वही सूर्य में एक महीना लगता है।

### सूर्य और चन्द्र का अलग अलग प्रभाव

जब गणना की जाती है तो ज्योतिष सूर्य और चन्द्र दोनों की गणना करते है आमतौर पर जो राशिफल होते है वह चन्द्र राशि के होते है जिसकी गणना कर ज्योतिष बताते है कि आपका फल क्या होगा। उत्तर भारत में चन्द्र राशि के आधार पर ही राशिफल दिया होता है। सूर्य राशि का अलग फल होगा, अगर आपकी सूर्य राशि और चन्द्र राशि एक है दोनों का फल एक ही होगा वही अगर अलग है तो सूर्य राशि के आधार पर अलग फल है और चन्द्र राशि के आधार पर अलग फल होगा। वही तीसरा लग्न जो हर दो घंटे में बदलता है ऐसे में आपके लग्न के आधार भी परिणाम मिलेगे, क्योंकि लग्न भी एक राशि है। तो इन तीनों के आधार पर जब गणना करते है तो हमें सटीक परिणाम हासिल होते है।

### परेशान मत होईये

ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा कहते है कि कई बार चन्द्र राशि की गणना से परिणाम नकारात्मक होते है जिसको लेकर हम परेशान हो जाते है ऐसे में श्री वर्मा कहते है कि हमें परेशान होने की जरूरत नहीं है हो सकता है कि लग्न और सूर्य की गणना करने पर उक्त परिणाम आपके अनुकूल हो। हो सकता है कि आपको ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त हो जायें। इसलिये चन्द्र, सूर्य और लग्न की गणना से ही राशिफल प्राप्त होते है।

### अगले कार्यक्रम में जाने

मनोहर वर्मा जी से जब पूछा गया कि आप पाठकों और दर्शकों के लिये अगले कार्यक्रमें क्या महत्वपूर्ण जानकारी देगें तो उन्होने बताया कि अगले एपिसोड में हम जानेगें कि एक एक करके इन राशियों के विषय में चर्चा करेंगें। इनके गुण और इनके प्रभावों के बारें में चर्चा करेगें।

**वीडियों कार्यक्रम देखने के लिये यशभारत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर जायें।**

## वेलेंटाइन की फीकी चमक, युवा भी बोले कैसे भुला दें पुलवामा के शहीदों को

# देश सर्वोपरि, फीका वेलेंटाइन डे



**कटनी। आज 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे का उत्साह फीका है। हो भी क्यों न आखिर आज ही पुलवामा में हमारे देश के आधा सैकड़ा से अधिक जवान कायर हमले में शहीद जो हुए थे। कटनी के युवा भी इसे लेकर काफी संजीदे दिखाई दिये। अब से पहले तक वेलेंटाइन मनाने को लेकर उत्साह नजर आता था हिन्दु संगठन इसका विरोध करते थे फिर भी दो दिन चोरी छिपे धड़कते थे।**

वैसे आज ही के दिन क्रांतिकारी भगत सिंह सुखदेव तथा राजगुरू को फांसी की सजा का ऐलान भी हुआ था। बहरहाल कटनी में वेलेंटाइन को लेकर ज्यादा उत्साह नहीं है फिर भी कोरोना की पाबंदियों के हटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। फ्लावर का व्यवसाय करने वालों की सुबह से सुभाष चौक चौपार्टी आदि स्थानों पर दुकाने सज गई हैं।

### तीसरी लहर कमजोर, प्रतिबंध हटे

तीसरी लहर के कमजोर पड़ने के बाद मप्र सरकार ने कोरोना को लेकर लगाए गए तमाम प्रतिबंध खत्म कर दिए हैं। वेलेंटाइन डे के ठीक पहले इन बंदिशों के हटने से बागों से लेकर कटनी के फ्लावर मार्केट में रौनक लौटी है। दो साल बाद शहर के चौपाटी समीप फ्लावर मार्केट में उम्मीद है कि वेलेंटाइन डे के एक दिन गुलाबों की बिक्री तेज होगी। हालांकि पहले जैसी चमक नहीं फिर भी वेलेंटाइन डे परफूलों की डिमांड से व्यापारी उत्साहित हैं।

### दो साल से गुलाब उत्पादकों को फेंकने पड़ रहे थे फूल

जिले में पॉली हाउस में गुलाब उत्पादन करने वाले लोगों ने ने बताया कि दो साल से कोरोना के कारण हालात बहुत खराब थे। मजदूरों का पैसा देना और लागत निकालना,मुश्किल हो गया था कई बार तो ऐसा हुआ कि पॉली हाउस से मार्केट तक माल लेकर आए और बिक्री न होने के कारण रास्ते में फूल फेंककर जाना पड़ता था। लेकिन, इस बार उम्मीद जगी है। मार्केट में अच्छी बिक्री हो रही है।

### रेड रोज की सबसे ज्यादा डिमांड

फ्लावर दुकानदार बताते हैं कि मार्केट में वैसे तो गुलाब की पांच-छह वैरायटी उपलब्ध हैं। लेकिन, वेलेंटाइन डे के लिए 80 प्रतिशत रेड रोज को पसंद किया जा रहा है। 20 गुलाब का एक बंडल साढ़े चार सौ से पांच सौ रुपए का बिका है। कोरोना के कारण मार्केट की कंडीशन खराब थी, लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं।

### पार्क में भी कम रौनक

वेलेंटाइन डे के दिन युवाओं के पसंदीदा स्थानों पर चहल पहल देखी जा सकती है लेकिन इस साल यह चहल पहल नदारद दिखी कटनी के प्रमुख जाग्रती पार्क में रोज की तरह ही भीड़ भाड़ थी इसी तरह कटाए घाट सहित कुछ अन्य तफरीह के स्थल भी सूने पड़े रहे। बावजुद पुलिस की नजर इन स्थानों पर थी।


## सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो ता. 11 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से

खिलाड़ी

कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।


## कृष्णजन्म में झूमे श्रद्धालु

### उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में श्रीमदभागत कथा




**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में विश्वकर्मा परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमदभागवद कथा में कल कृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव चित्रण से श्रद्धालु भावविभोर हो गये। इस दौरान जमकर आतिशबाजी तथा गीत संगीत के बीच कृष्ण जन्म मनाया गया। मायाराम विश्वकर्मा, भगवानदास विश्वकर्मा श्रीमती शीला विश्वकर्मा के द्वारा यह श्रीमदभागवत कथा कराई जा रही है जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग धर्म लाभ ले रहे हैं। आचार्य बृजकृष्ण जी शास्त्री के मुखार बिंद से अत्यंत सहज वाणी के साथ श्रीमदभागवत के गूढ़ रहस्यों को बताया जा रहा है। आज यहां रूक्मणी विवाह की कथा उसके बाद उधव सुदामा संवाद का प्रसंग कल होगा। समस्त धर्मप्रेमियों से विश्वकर्मा परिवार ने श्रीमदभागव कथा का श्रवण का धर्मलाभ लेने की अपील की है। श्रीमद्भागवत कथा का विसर्जन 16 फरवरी को होगा जबकि 17 फरवरी को विशाल भंडारा आयोजित होगा।

# नीचे ही नहीं ओव्हरब्रिज के उपर भी लगी रहती है पार्किंग वाले वाहनों की कतार

## हीरागंज में आटो चालकों की धमाचौकड़ी, लग रहा जाम

**कटनी।** खिरहनी ओव्हर ब्रिज इन दिनों आटो चालको ही नहीं 4 व्हीलर का भी पार्किंग स्थल सा बन गया है। ब्रिज के उपर गर्ग चौक वाले हिस्से में आटो चालको ही धमाचौकड़ी तो पहले ही यातायात में मुसीबत बनी रहती है अब चार पहिया वाहनों की लंबी कतार और भी ज्यादा परेशानी पैदा कर रही है।



### हीरागंज में आटो के कारण जाम

हीरा गंज में ऑटो के कारण जाम लग जाता है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दोपहर से लेकर शाम तक यहां कई बार जाम की स्थिति बन रही है। जाम में फंसे वाहन चालक परेशान होते हैं लेकिन यातायात विभाग मामले में ध्यान नहीं दे रहा है। यहां यातायात कर्मी जाम को खुलवाने भी नहीं पहुंचते हैं। यहां तक गर्ग चौराहे में यातायात कर्मियों की ड्यूटी तक नहीं लगाई जाती है। जबकि खिरहनी ओवर ब्रिज बन जाने के बाद से वहां पर वाहनों का दबाव हर समय अधिक रहता है। शाम के समय जाम लगने से दर्जनों वाहन चालक जाम में फंस जाते हैं। अन्य चौराहों की भी यही स्थिति = इसके अलावा शहर के अन्य चौराहों में भी दिन भर जाम की स्थिति बनती है। सुभाष चौक, गांधी द्वार के पास स्टेशन रोड से लेकर शहर के अंदर के क्षेत्र में दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा सड़कों पर की जा रही वाहनों की पार्किंग भी जाम लगने का बड़ा कारण है। बावजूद इसके यातायात पुलिस द्वारा सड़कों पर पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। सड़क पर कहीं पर भी वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। इसके कारण जाम लग रहा है। और जाम में फंसे वाहन चालक परेशान होते रहते हैं।

### ओव्हर ब्रिजों के नीचे भी पार्किंग से हो रही परेशानी

कटनी में दो ओव्हर ब्रिज कतिपय वाहन मालिकों के लिए मुफ्त का गैराज बन गए हैं। खिरहनी के बाद मिशन चौक से आजाद चौक तथा बरगवां में ओव्हर ब्रिज के नीचे बड़ी संख्या में लोग वाहने पार्क कर देते हैं। खिरहनी ओव्हर ब्रिज में तो हालात यह है कि ब्रिज के नीचे लोग बांए से दाये भी नहीं निकल पाते


## सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से




बधाई दो

कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033



# शक्तिपुंज सहित कई ट्रेनों की बढ़ेगी रफ्तार

**कटनी।** नए साल में बोरिंग कहे जाने वाले सिगरौली के सफर में अब लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। कोरोना काल में धीमी पड़ी कटनी-सिंगरौली रेलमार्ग दोहरीकरण के कार्य ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। इस मार्ग पर 21 किमी लम्बी दूसरी लाइन का रविवार को सीआरएस निरीक्षण किया गया है। मुंबई से आए रेलवे सेफ्टी कमिश्नर ने स्पीड रन लेकर नए बनी दूसरी लाइन की मजबूती और संरक्षा का जायजा लिया। इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत कटनी-सिंगरौली के बीच लगभग 78 किमी रेलमार्ग पर दूसरी लाइन बिछ गई है। इस रेलपथ के दोहरीकरण से कोयला लेकर दौड़ाने वाली मालगाडियां की राह आसान होगी। जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी। दोहरे रेलपथ से आने वाले समय में नई यात्री ट्रेनों के चलाने का रास्ता भी खुलेगा। चौपन, रेनूकोट, रांची रोड, धनबाद, हावड़ा तक रेल कनेक्टीविटी बेहतर होगी।



- 261 किमी की कटनी-सिंगरौली रेलमार्ग दोहरीकरण योजना
- 400 करोड़ रुपए इस वर्ष बजट में योजना को आवंटित हुए
- 78 किमी के करीब रेलपथ दोहरीकरण का कार्य पूरा एनकेजे से ख्न्ना बंजारी तक कटनी-सिंगरौली के बीच रविवार को सलहना-कान्हा बंजारी (21 किमी) के बीच सीआरएस के साथ ही न्यू कटनी-कन्हा बंजारी रेलखंड पर अब डबल लाइन हो गई है। इसके साथ ही सिंगरौली छोर (महदया-देवराग्राम) से हुए रेलपथ दोहरीकरण के कार्य को मिलाकर कटनी-सिंगरौली के बीच करीब 78 किमी तक दूसरी लाइन बिछ गई है।


## नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से

खिलाड़ी

(हिन्दी में)

कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-


# तीसरी लाइन का ब्लाक हटा

1 से 13 फरवरी जक ब्लॉक रहा। रेल अफसरों के अनुसार बिलासपुर-कटनी रेल लाइन पर रूपौंद-झलवाड़ा सेक्शन में तीसरी रेल लाइन की कनेक्टिविटी का कार्य लगातार दो सप्ताह तक चला है। इस वजह से दुर्ग और रायपुर और यूपी के चलने वाली प्रमुख ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति और दुर्ग-जम्मूतवी अब दोनों तरफ से चलने लगी हैं। इसी तरह सोमवार से बेतवा और नौतनवा एक्सप्रेस का परिचालन होने लगेगा। तीसरी लाइन पर रविवार को भी रेलवे परिचालन से जुड़ा तकनीकी अमला जुटा रहा। नौतनवा एक्सप्रेस सोमवार को दुर्ग के लिए चलेगी। परंतु कानपुर तरफ से बेतवा एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। जिस लाइन पर ब्लाक लिया था। दुर्ग और रायपुर स्टेशन से होकर कटनी, सतना, कानपुर और मुजफ्फरपुर तक यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ है। क्योंकि इन दोनों ट्रेनों के अलावा इसी रूट से सारनाथ एक्सप्रेस चलती है, परंतु यह ट्रेन भी कोहरे के कारण अभी 28 फरवरी तक सप्ताह में केवल चार दिन चलाई जा रही है। गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस जरूर रायपुर स्टेशन से हर दिन रात 12 बजे रवाना होती है। पिछले दो महीने से मुख्य रूप से बिलासपुर रेल मंडल की दोनों प्रमुख लाइन पर तीसरी और चौथी लाइन का काम चला है। कटनी रूट पर तीसरी लाइन और झारसुगुड़ा लाइन पर चौथी लाइन तैयार करने के लिए रेलवे को 5 से 6 बार ब्लाक लेना पड़ा है। परंतु अभी अगले ब्लाक की तारीखें रेलवे ने तय नहीं की है, इसलिए दोनों तरफ से सभी ट्रेनों का परिचालन पहले जैसा सामान्य रूप से होने की संभावना है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 14 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

प्रशासन की अनदेखी, चक्कर लगवा रहे कर्मचारी, सचिव का गोलमोल जबाव



# पति दिव्यांग, पत्नी नेत्रहीन, फिर भी योजनाओं के लाभ से वंचित

## जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत कुठिया मोहगवां का मामला

**कटनी/विजयराघवगढ़।** राज्य सरकार द्वारा निराश्रित और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन कटनी जिले में इन योजनाओं का उचित क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। पात्र हितग्राही इन योजनाओं के लाभ लेने के लिए संबंधित कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं लेकिन बाबूराज के चलते इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है।

इसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत बड़वारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुठिया मोहगवां में देखने में आया है, जहां पति के दिव्यांग और पत्नी के नेत्रहीन होने के बाद भी इन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित नहीं किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम ददरा निवासी रामदुलारे पिता स्व. रामकरण केवट जहां विकलांग है तो वहीं उसकी पत्नी 36 वर्षीय मंतू केवट नेत्रहीन है। इनके द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ लेने के कईयों बार ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत में आवेदन दिया गया। आवेदन देने के बाद कार्यालय में जाकर संपर्क भी किया गया लेकिन संबंधित कर्मचारियों द्वारा इन्हें दुत्कार कर भगा दिया जाता है। रामदुलारे केवट ने बताया कि उसका जीविकोपार्जन का साधन खेती है। कभी अच्छी फसल हो जाती है तो कभी मौसम की मार के चलते नुकसान हो जाता है। महंगाई के इस दौरान परिवार पालना काफी मुश्किल हो गया है। इनके दो बच्चे भी हैं। इस तरह चार लोगों की गृहस्थी का पालनपोषण करने में रामदुलारे को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्नी मंतू केवट ने बताया कि ग्राम पंचायत कुठिया मोहगवां के सचिव से जब योजनाओं का लाभ देने के लिए कहा गया तो उसने इंकार करते हुए सीधा जबाव दिया कि कुछ नहीं मिलेगा। आर्थिक रूप से कमजोर और विकलांग व दिव्यांग होने के बाद भी इन्हें सस्ते खाद्यान्न का भी वितरण नहीं किया जा रहा है। रामदुलारे केवट ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से शासन की योजनाओं का दिलाए जाने का आग्रह किया है।



# जंगल से भटककर बस्ती में आया सांभर

## गड्ढे में गिरने के बाद ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने निकालकर जंगल में सुरक्षित छोड़ा



**विजयराघवगढ़।** तहसील मुख्यालय विजयराघवगढ़से 7 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पिपरिया में अचानक हिरण आकर बैठ गया, जिसको देखकर ग्रामीणों ने घेर लिया। अवधराज तिवारी ने बताया कि शायद कुत्तों से परेशान होकर रहवासी बस्ती में एकांत में थका मादा घबराया सांभर पहुंचते ही बैठ गया। आनन फानन उसे सुरक्षा प्रदान कर ग्रामीणों द्वारा विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी राघवेंद्र सिंह चौहान को सूचित कि गया। सूचना प्राप्त कर श्री चौहान, डिप्टी रेंजर रामेश्वर प्रसाद तिवारी, संदीप बहेलिया, मनोज सिंह, तुलसीदास मिश्रा, ओंकार प्रसाद आदि वन विभाग की टीम सहित पूरे दल बल के साथ ग्राम पहुंचे, जहां उक्त वन्य प्राणी लोगों के भय से गड्ढे में गिर गया था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकलने का प्रयास किया गया। डिप्टी रेंजर श्री तिवारी ने बताया कि उक्त सांभर लगभग 3 वर्ष का गड्ढे में गिर गया था, जिसको गड्ढे से निकलवा कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।



फाइल फोटो : नगर निगम स्टेडियम में गत वर्ष खेले गए टूर्नामेंट का दृश्य।

# अभा हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन में रूचि नहीं दिखा रहा नगर निगम

## आयोजन को लेकर न तो बैठक और न ही जारी हुए निर्देश, खिलाड़ियों में निराशा

**कटनी।** नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले अखिल भारतीय गणतंत्र दिवस हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई रूचि नहीं दिखलाई जा रही है। आयोजन को लेकर अब तक न तो कोई निर्देश जारी किए गए हैं और न ही बैठक हो पाई है। जिससे शहर के वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों में निराशा व्याप्त है। हॉकी खिलाड़ियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा हार सरल इसी तरह का रवैया अपनाया जाता है। टूर्नामेंट जनवरी के महीने में आयोजित किया जाता था, लेकिन नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखलाए जाने के कारण फरवरी का आधा महीना बीत जाने के बाद भी टूर्नामेंट के आयोजन की तैयारियां शुरू नहीं हो पाई है। पिछले दिनों टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर हॉकी खिलाड़ियों ने विधायक संदीप जायसवाल से भी मुलाकात की थी। जिस पर विधायक श्री जायसवाल ने इस सिलसिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे को पत्र लिखने की बात कही थी, लेकिन ऐसा लगता है कि प्रशासन मनमानी पर उतारू हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अभा गणतंत्र दिवस हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन को 50 साल से ज्यादा का समय हो चुका है। इस टूर्नामेंट में प्रदेश के साथ ही पूरे देश की कई नामी-गिरामी टीमें भाग लेती थीं, इसके अलावा कटनी की टीम भी इस टूर्नामेंट में भाग लेती है, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ ही नामी खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखने को मिलता था लेकिन आयोजन को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई दिलचस्पी नहीं दिखाए जाने से खिलाड़ियों में रोष देखा जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे का ध्यान इस ओर दिलाते हुए टूर्नामेंट का आयोजन कराने का आग्रह किया है।

# अब ताल ठोंककर मैदान में उतरेंगे कर्मचारी

## तेज हुई पुरानी पेंशन बहाली की मांग, एनपीएस का विरोध गहराया

**कटनी।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग अब तेज होती जा रही है। इसको लेकर अब प्रदेश के ढाई लाख से ज्यादा शिक्षक आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि हर बार सरकार आश्वासन देकर मुकर जाती है लेकिन इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। कर्मचारी नेशनल पेंशन स्कीम एनपीएस के खिलाफ पिछले डेढ़ साल से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन जब सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तब शिक्षकों ने भोपाल बड़े आंदोलन की तैयारी की लेकिन सरकार ने इसे रोक दिया। इससे शिक्षकों की नाराजगी बढ़ गई और अब वे अप्रैल में बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। शिक्षकों ने कहा है कि इस बार अनुनय, विनय नहीं, ताल ठोंककर मैदान में उतरेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि एनपीएस का उन्हें कोई लाभ नहीं है। जो राशि जमा होती है, उसमें से 50 प्रतिशत सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त मिल जाती है और शेष 50 प्रतिशत राशि से पेंशन दी जाती है। पिछले दो सालों में सेवानिवृत्त हुए कई शिक्षकों को पेंशन ही नहीं मिल रही है, क्योंकि उनके खाते में पेंशन देने लायक राशि ही एकत्रित नहीं हुई। जबकि अन्य शिक्षकों को 500 से 3 हजार रुपये महीना ही पेंशन मिल रही है। शिक्षकों का कहना है कि इस राशि से परिवार का भरण पोषण कैसे होगा।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग

**कटनी।** आगामी 17 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। आज और कल प्रश्नपत्रों का वितरण भी किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाईस्कूल कक्षा दसवीं और हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं ऑफलाइन आयोजित करने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबिल घोषित करते हुए छात्रों प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए थे। डीईओ पी पी सिंह ने बताया कि आज माधवनगर एक्सीलेंस स्कूल से विजराघवगढ़, बड़वारा, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा विकासखंड के परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया। कल कटनी और रीठी के प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।

## बस स्टेंड में लगा एंट्री-एग्जिट बोर्ड



नगर निगम द्वारा प्रियदर्शिनी बस स्टेंड के मुख्य प्रवेश द्वार पर एंट्री-एग्जिट बोर्ड लगवाया गया है, जिसमे कटनी से आसपास की तहसीलों के साथ ही अन्य शहरों की दूरी के बारे में जानकारी दी गई है। कटनी डेव्लपमेंट एसोसिएशन द्वारा पिछले काफी अरसे से एंट्री-एग्जिट बोर्ड लगवाए जाने की मांग की जा रही थी।

## वेद प्रकाश त्रिपाठी को मातृ शोक

**कटनी।** सरस्वती श्री विष्णु वेद विद्यालय प्रांगण में व्यवस्थापक राम कुमार दुबे, वरिष्ठ सदस्य धनीराम तिवारी व सदस्य प्रबुद्ध पुरवार एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में शोक सभा आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी की मातुश्री के देवलोक गमन पर प्रधानाचार्य उमाशंकर द्विवेदी ने छात्रों को जानकारी प्रदान करते हुए सभी ने दो मिनिट का मौन धारण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया व ईश्वर से प्रार्थना की गई कि मृतात्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान दे एवं उनके परिवार में आये इस महान दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ततपश्चात विद्यालय में अवकाश घोषित करते हुए शोक सभा का समापन किया गया।

# जालंधर स्पोर्ट्स ने जीती कटनी क्रिकेट चैम्पियनशिप





**कटनी।** रॉकिंग डांस क्लासेस एवं ईटीएम विद्या कोचिंग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में खेले गए कटनी क्रिकेट चेम्पियनशिप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जालन्धर स्पोर्ट्स की टीम ने बिंदास बॉयज को 5 विकेट से हराकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा जमाया। रविवार को खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिंदास बॉयस की टीम 20 ओवरों में 112 रन ही बना सकी, जिसमे ओपनिंग बल्लेबाज सतीश ने सर्वाधिक 34 रन, कप्तान सगीर ने 22 एवं रोशन ने 14 रनों के योगदान दिया। जालन्धर स्पोर्ट्स की तरफ से अंशू, हनी, लवकुश, मोनू और प्रदीप ने घातक गेंदबाजी करते हुए बिंदास बॉयस को बड़ा स्कोर करने से रोका। जबावी पारी खेलने उतरी जालन्धर स्पोर्ट्स ने सधी हुई शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज लवकुश और पंकज ने बिंदास बॉयज के गेंदबाजों का बखूबी सामना करते हुए शानदार बल्लेबाजी की। लवकुश ने 29 और काका ने 22 रन बनाकर अपनी टीम को जीत की राह दिखलाई। प्रदीप ने छक्का लगाकर टीम को जिताया। जालन्धर स्पोर्ट्स ने 17वें ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाकर यह मुकाबला जीता। बिंदास बॉयज की और से सतीश, माही, रोशन और दीपक ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। इस तरह फाइनल मुकाबला जालन्धर स्पोर्ट्स की टीम ने जीता। मैच के उपरांत समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला की मौजूदगी रही। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कांग्रेस नेता मौसूफ अहमद बिट्टू, बद्रीप्रसाद यादव, अधिवक्ता राजेश वर्मा, जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार आशीष रैकवार एवं वरिष्ठ खिलाड़ी अंतिम गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। फाइनल मैच में अनुज जायसवाल एवं सिद्धांत ने अंपायरिंग की। स्कोरिंग पर अभय राजपूत, कामेंट्री तरूण सिंह ठाकुर, श्रीकांत दुबे, अविनाश दुबे ने की। टूर्नामेंट में शानदार अंपायरिंग के लिए अनुज जायसवाल, हिमांशु को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में सहयोग के लिए मोनू दुबे, सोनू दुबे, बाला एवं अभय राजपूत को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

**फाइनल मुकाबले में बिंदास बॉयज की टीम को 5 विकेट से दी मात**

### खेलों के आयोजन से निखरती हैं प्रतिभाएं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि खेलों के आयोजन से प्रतिभाओं को अपने हुनर दिखाने का मौका मिलता है और उनकी प्रतिभा में निखार आता है। खेल को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। मैच में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। कांग्रेस नेता मौसूफ अहमद बिट्टू ने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। इससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। उन्होंने आगामी 20 फरवरी रविवार को आयोजित रन फॉर कटनी आयोजन की भी जानकारी देते हुए सभी से इसमे शामिल होकर सफल बनाने की अपील की।

### सतीश बेस्ट बैट्समैन, लवकुश बेस्ट बॉलर

बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार बिंदास बॉयस के सतीश व बेस्ट बॉलर का खिताब जालन्धर स्पोर्ट्स के लवकुश को दिया गया। अतिथियों ने टूर्नामेंट की विजेता जालन्धर स्पोर्ट्स के कप्तान जोजो को विजेता ट्रॉफी एवं 21 हजार रुपए की राशि एवं उपविजेता बिंदास बॉयस के कप्तान सगीर को उपविजेता ट्रॉफी एवं 11 हजार की राशि प्रदान की।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला- कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 397/खनिज/2022 कटनी दिनांक- 02/02/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम. 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/बृजेश कुमार यादव निवासी लखापतेरी तहसील व जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06.01.2022 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | कटनी | बण्डा | 746 | 2.00 | शासकीय भूमि | मुरुम | |
| | | | कुल रकबा | 2.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जी-22552/22

प्रभारी अधिकारी ( खनिज शाखा), जिला-कटनी

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
**सी. आर. एम.**
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH



# शिविर में जमा हुई 189305 की राशि

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नागरिकों की सुविधा एवं बकाया करों के लक्ष्य की प्राप्ती हेतु वार्डवार शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को उनके वार्ड में ही निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर जमा करनें की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रभारी अधिकारी राजस्व नें बताया कि जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में विगत 3 जनवरी से निगम कार्यालय के कम्प्यूटर कक्ष के अतिरिक्त वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शिविर के अंतिम दिवस आज प्रातः 11 बजे से जाकिर हुसैन वार्ड स्थित ए.सी.सी फैक्ट्री के आगे काम्पलैक्स के पास शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के दौरान निगम के राजस्व विभाग के अमले द्वारा वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों को शिविर की जानकारी प्रदान करते हुए शिविर का लाभ प्राप्त करनें की अपील की गई। शिविर में आगंतुक करदाताओं के माध्यम से संपत्तिकर की 56 रसीद काटी जाकर 123571 रूपये एवं जलकर की 21 रसीद काटी जाकर 65734 रूपये कुल 189305 रूपये बकाया करों के रूप में निगम कोष में जमा किये गए।

# लक्ष्मी बनी मेट, परिवार में आई खुशहाली

## अब बेटियों को बेहतर तरीके से दिला पा रहीं शिक्षा

**कटनी। सरकार की मनरेगा योजना से जहां ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है तो लोग अपने परिवार का भी बेहतर ढंग से भरण पोषण कर पा रहा हैं। दूसरी ओर योजना में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए मेट के कार्य में महिलाओं को भी लगाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। ऐसे ही जिले की जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत कुम्हरवारा की महिला लक्ष्मी गड़ारी ने मेट के रूप में बेहतर काम किया तो आज वह अपने पति के साथ परिवार का कुशलतापूर्वक भरण पोषण भी कर पा रही हैं और अपनी बेटियों को भी अच्छी शिक्षा दे पा रही हैं।**



लक्ष्मी स्व सहायता समूह की सदस्य है। 18 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी में स्व सहायता समूह की मासिक बैठक के दौरान सीईओ जनपद ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि महिलाओं को मनरेगा योजना में कुशल श्रमिक के रूप में काम करने की योजना शासन से प्रस्तावित हुई है। जिसमें शीघ्र ही महिला मेटों का चयन किया जाएगा। सीईओ जनपद की सूचना के अनुसार लक्ष्मी का मेट के रूप में सितंबर 2021 में चयन हुआ।

### श्रमिकों का कार्यस्थल पर ही कराया शत प्रतिशत टीकाकरण

मनरेगा योजना के अंतर्गत मेट का लक्ष्मी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसके बाद मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम में पंजीयन के बाद गांव की महिलाओं को मनरेगा योजना में कार्य करने के लिए सहभागिता बढ़ाने का भी उल्लेखनीय कार्य किया। लक्ष्मी ने ग्राम पंचायत में प्रारंभ होने वाले सभी कार्यों पर सूचनाफ्लक लगाने, मनरेगा श्रमिकों को कार्य स्थल पर ही शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण कराने का भी कार्य किया, जिसके लिए लक्ष्मी की सराहना की गई।

### मनरेगा महिलाओं के विकास की जीवनदायिनी योजना

लक्ष्मी से कार्यस्थल पर मेट चयन के बाद जीवन में आने वाले परिवर्तन को लेकर मनरेगा योजना प्रभारी डॉ. अजीत सिंह ने चर्चा की। चर्चा में लक्ष्मी ने बताया कि वह उसके पति पूर्व में सक्रिय श्रमिक के रूप में मनरेगा योजना अंतर्गत कार्य करते थे। महिला मेट के रूप में उसका चयन होने के बाद वह अभी तक 6700 रूपये भुगतान पा चुकी है और लगभग 11 सप्ताह के भुगतान की प्रक्रिया भी प्रचलन में है। जिससे अब वह अपनी दोनों बेटियों की शिक्षा दीक्षा और परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर पा रही हैं। लक्ष्मी का कहना है कि मनरेगा योजना महिलाओं के विकास के लिए जीवनदायिनी योजना है।

# 23 फरवरी को मनाई जाएगी संत गाडगे महाराज की जयंती

**कटनी।** संत गाडगे जयंती पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम को लेकर रजक समाज जन जागृति विकास समिति के तात्वाधान में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी सप्ताह संत गाडगे जयंती के अवसर पर रुपरेखा तय की गई। समीति के संरक्षक रामप्रसाद रजक बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। अध्यक्षता श्यामलाल रजक ने की। समिति सचिव प्रेमलाल रजक ने जानकारी में बाताया कि आगामी 23 फरवरी को संत गाडगे महाराज की 146वीं जयंती के अवसर पर माधवनगर गेट के सामने हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मेधावी छात्र-छात्रा को पुरस्कृत किया जायेगा। 10वी, 12वीं में 60 प्रतिषत से अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं पुरस्कृत होंगे साथ ही खेल प्रतिभाओं में सम्भागीय स्तर राज्य स्तर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित समाजसेवी, बुद्धीजीवी, वरिष्ठ नागरिको को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संरक्षक सदस्य रामानुज वर्मा, मौजीलाल रजक, रामचरण रजक, रामाधार रजक, भारत प्रसाद रजक, दिनेष रजक, संदीप रजक, डॉ. शिवनाथ रजक, रामगोपाल रजक, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन रजक, रोशनी रजक, रामवती रजक, आंगनबाड़ी मोर्चा कटनी अध्यक्ष ममता रजक, रेखा रजक, रीना रजक, अंजलि रजक, मीरा रजक, कविता रजक, नगर अध्यक्ष संजीव रजक, शोभनाथ रजक, मेहुल रजक, गोविंद रजक, अजय रजक, राजकुमार रजक, कमलेश रजक, हेतराम रजक, लवकुश रजक, श्यामजी रजक, प्यारेलाल रजक, मयूर रजक सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**रजक समाज के मेधावी बच्चों एवं खिलाड़ियों का होगा सम्मान**

# स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश



**कटनी।** माह फरवरी माह को स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाये जाने संबंधी शासन निर्देशों के परिपालन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही रोजाना विभिन्न स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां का आयोजन किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 की गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के तहत साधूराम उच्चतर माध्यमिक स्कूल एवं अंजूमन ईस्लामिया स्कूल में स्वच्छता जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान शाला के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न बिंदुओं एवं नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु किये जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों की जानकारी प्रदान की जाकर स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ रैली का आयोजन किया जाकर नागरिकों को स्वचछता का संदेश प्रसारित किया गया। इस दौरान पूर्व नगर निगम अध्यक्ष वेंकट खंडेलवाल सहित निगम के वार्ड स्वास्थ्य विभाग के दरोगाओं एवं एम.एस.डव्ल्यू टीम के सुपरवाईजर एवं नियुक्त एजेंसी के सदस्यों की उपस्थिति रही।



# नगर निगम में 12 को मिली अनुकंपा नियुक्ति

कटनी। आपके पिता, भाई की सेवा के दौरान हुई मृत्यु पर आपको नौकरी मिली है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप सभी परिवार के आश्रितों की अच्छे से देखभाल करें। परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अच्छे से निर्वहन करें और ईमानदारी के साथ कार्य करें। नगर निगम में सेवा के दौरान मृत हुए अधिकारी कर्मचारियों के परिजनों को शुक्रवार को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश सौंपते हुए यह बात कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कही। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निगमायुक्त सतेन्द्र धाकरे के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में मृतक अधिकारी, कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपे और बेहतर तरीके से नगर निगम में सेवाएं देने के निर्देश भी दिए। नगर निगम द्वारा दीपक दुबे को सहायक ग्रेड 3, मयंक परौहा, गौरव द्विवेदी, विनय कुमार सौंधिया को उप स्वच्छता निरीक्षक, रोहित हरिजन को भृत्य, अभिषेक मोंगरे, अंकित सोनखरे, अजय कुमार डुमार, श्रीमति मीनू, सोनू डुमार, राहुल डुमार और संजय डुमार को सफाई संरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आठ युवकों को उनके नियुक्ति पत्र सौंपे। वहीं अन्य युवकों को नगर निगम कार्यालय में आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

**ज्वाइनिंग लैटर देकर कलेक्टर ने कहा आश्रितों की करें उचित देखभाल**

# छात्राओं ने सीखी प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी





**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में परियोजना कार्य को लेकर छात्राओं को प्रेरित करने के लिये उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन विज्ञान संकाय की प्रथम वर्ष की छात्राओं को परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारियां वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. वीणा सिंह एवं डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा दी गई। इसके तहत छात्राओं को तीन प्रगति प्रतिवेदन एवं अतिम रिपोर्ट किस प्रकार बनाई जाऐ इसके एक-एक बिन्दु को समझाया गया। छात्राओं को इससे होने वाले लाभ एवं भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के अवसर के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में समस्त संकाय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रही।

**गर्ल्स कॉलेज में तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ**

# नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की ली जानकारी

**कटनी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मदनमोहन चौबे वार्ड में घर चलो घर चलो घर-घर चलो अभियान अंतर्गत व्यापक जनसंपर्क किया और नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। नागरिकों ने बताया कि भाजपा की मोदी व शिवराज सरकार के कारण महंगाई बढ़ रही है, लोगों का जीना दूभर हो रहा है। इस अवसर पर अनेक लोगों को कांग्रेस का सदस्य बनाया गया। आज के कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, करण सिंह चौहान, इश्तियाक अहमद, चोखे भाई, माया चौधरी, श्रीमती हेमा शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी बलबी, रजनी वर्मा, मुमताज़ बानो, रौनक खंडेलवाल, देवीदीन गुप्ता, अजय गोंटिया, गगन तिवारी, पार्थ समाधिया, अजय कछवाहा, विजय चांदवानी, जगदीश निषाद, स्वप्निल सिंह, दुर्गावती कोल, रमेश अहिरवार, रजत यादव आदि शामिल थे।



# 8वीं तक स्कूल की मान्यता एवं नवीनीकरण के लिए नए दिशा निर्देश जारी

**नवीन मान्यता के लिए 21 फरवरी तक लिए जाएंगे आवेदन**

**कटनी।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 8 तक के अशासकीय स्कूलों के लिए नवीन मान्यता और मान्यता नवीनीकरण की संशोधित समय सारणी जारी की है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि इच्छुक अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता के आवेदन आरटीई एमपी ऐप के माध्यम से 21 फरवरी तक कर सकेंगे। इसके पूर्व 10 फरवरी आवेदन अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी जिसे विद्यालयों की सुविधा के लिए बढ़ाया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देश जारी किये हैं। बी.आर.सी.सी. प्राइवेट स्कूलों का 28 फरवरी तक भौतिक सत्यापन कर निरीक्षण प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी 10 मार्च तक मान्यता आवेदन का निराकरण करेंगे। आवेदन निरस्तीकरण की अपील 45 कार्य दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष की जा सकेगी।

# वायरल वीडियो को लेकर दो दिन में स्पष्टीकरण दें प्रभारी ईई

## निगमायुक्त ने जारी किया स्मरण पत्र

**कटनी।** आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी सतेन्द्र सिंह धाकरे ने नगर पालिक निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग राकेश शर्मा को स्मरण पत्र जारी करते हुये दो दिवस के भीतर प्रतिवेदन सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। अन्यथा की स्थिति में विपरीत कार्रवाई के लिये संबंधित स्वयं जिम्मेदार होंगे। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया में 8 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय के सामने जगदीश पटेल द्वारा बिना अनुमति मार्केट का निर्माण करते हुये राजस्व को नुकसान पहुंचाने के संबंध में वायरल वीडियो, जिसमें नगर निगम पर आरोप लगाये गये हैं। उक्त वीडियो वायरल होने से नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। इस संबंध में प्रकरण की वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन सहित स्पष्टीकरण 2 दिवस के भीतर चाहा गया था, जो अब तक अप्राप्त है। जिस पर आयुक्त नगर निगम श्री धाकरे द्वारा यह स्मरण पत्र संबंधित अधिकारी को जारी किया गया है।

# आत्मनिर्भर भारत व उन्मुखी कार्यक्रम में युवाओं का प्रशिक्षण





**विजयराघवगढ़।** आत्मनिर्भर भारत युवाओ का उन्मुखीकरण कार्यक्रम में आत्मनिर्भर बनने हेतु श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक वेद प्रकाश परैहा एवं दीपभान चौबे द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर भारत हेतु पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष तिवारी क्रीड़ा अधिकारी श्रमधाम महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक आदित्य दुबे एवं महक बड़गैया सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने होगा प्रतियोगिताओं का आयोजन

## 15 मार्च तक ऑनलाइन जमा होंगी प्रविष्टियां

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता मेरा वोट मेरा भविष्य है– ताकत एक वोट का आयोजन किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से हर वोट के महत्व को समझाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। सभी आयु समूहों के लिए पांच प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिसकी प्रविष्टियां ऑनलाइन 15 मार्च तक जमा होंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्धारित विषय पर प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, गीत, वीडियो निर्माण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चुनावी प्रक्रिया के बारे में सरल, मध्यम व कठिन तीन चरण में प्रतियोगिता होगी।

# स्वच्छता दूतों ने साफ किया बाबा नारायण शाह वार्ड का नाला







**कटनी।** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में बाबा नारायण शाह वार्ड में स्वच्छता दूतों की विशेष दलेल के माध्यम से वार्ड के सार्वजनिक स्थलों वंशकार बस्ती, आत्माराम धर्मशाला रोड, ग्राम पंचायत चौराहा, हास्पिटल लाईन, बॉम्बे होटल के पीछे के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट की सफाई कराई गई। विभिन्न स्थलों सार्वजनिक मार्गों एवं गलियों में झाडू का कार्य, कचरे की ढेरियों की सफाई कराई जाकर वार्ड को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों बस स्टेण्ड सुलभ काम्पलेक्स, आजाद चौक जुलूस मार्ग, आदर्श कॉलोनी, मिशन चौक, कोतवाली तिराहा मुख्य मार्ग, स्टेट बेंक तिराहा, मैकेनिकल लाईन, चौपाटी प्वाइंट, घंटाघर, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर एन.के.जे. मुख्य मार्ग, वीर सावरकर वार्ड संतनगर नई बस्ती, फारेस्टर वार्ड मुख्य मार्ग, मानसरोवर कॉलोनी, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित ग्राम पंचायत चौराहा सहित नगर के अन्य स्थलों में झाडू का कार्य कराया गया। नगर के सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई एवं सुगम पानी निकासी हेतु वीर सावरकर वार्ड स्थित आधारकाप में मोहित टेलर्स के पास, दुगाड़ी नाला मुख्य मार्ग के किनारे तथा एल.आई.सी आफिस के पास नाले की सफाई कार्य कराया जाकर सुगम पानी की निकासी के प्रयास किये गए। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गों के कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई के साथ ही वार्डों की गलियों में डोर टू डोर संग्रहण का कार्य कराया जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखनें तथा निगम के कचरा वाहन में ही कचरा देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

**दलेल लगाकर चलाया गया विशेष साफई अभियान**

# नीलगाय के शिकार छूट देने के बजाय हों संरक्षित रखने के प्रयास



**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नीलगाय एवं जंगली सुअर के शिकार से प्रतिबंध समाप्त करने जा रही है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि नीलगाय एवं जंगली सुआरों द्वारा किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया जाता है। इसे देखते हुए ही सरकार ने नीलगाय एवं जंगली सुअर के शिकार को अपराधिक श्रेणी से अलग रखने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से जहां किसान थोड़ा राहत महसूस कर रहे वहीं कुछ संगठन नीलगाय को मारे जाने की अनुमति देने के विरोध में है।

आपका गणतंत्र पार्टी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नीलगाय को मारे जाने के बजाय उसे संरक्षित रखने के प्रयास किये जाएं। नीलगाय ऐसा वन्य प्राणी है जो केवल घांस खाकर ही जीवित रहता है। ये किसी भी प्रकार से हिंसक प्राणियों की श्रेणी में नहीं आता। वन विभाग द्वारा एक निश्चित क्षेत्र में नीलगायों को संरक्षित रख उनके लिए चारा और पानी का इंतजाम कर सकता है। इससे इस मूक प्राणी की हत्या के पाप से भी किसान बच जाएंगे और उनकी फसलों का नुकसान नहीं होगा। आपका गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह चौहान ने कहा है कि एक ओर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की जा रही है वहीं दूसरी ओर नीलगाय के शिकार करने की अनुमति दी जा रही है जो कि अनुचित है। सरकार को वन्य प्राणियों को मारने के आदेश पर विचार करना चाहिए। हालांकि जंगली सुअरों से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान को देखते हुए जंगली सुअरों के शिकार की अनुमति दिया जाना उचित है।

**आपका गणतंत्र पार्टी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया आग्रह**

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
कटनी, सोमवार 14 फरवरी 2022
फोन- 230033
यश भारत


# स्लीमनाबाद टनल हादसा: जमीन के अंदर जिंदगी की जंग हार गए दो मजदूर




7 मजदूर सुरक्षित बाहर निकले, अस्पताल में उपचार जारी, टनल खुदाई के दौरान बिगड़ी टीवीएम मशीन सुधारने चल रही थी खुदाई

**कटनी। नर्मदा का पानी विंध्य तक पहुंचाने के लिए बरगी व्यपवर्तन योजना में टनल निर्माण कार्य के दौरान 12 फरवरी की शाम करीब साढ़े 7 बजे स्लीमनाबाद में 25 फिट कुआंनुमा गड्ढा निर्माण में कांक्रीट बेस के अचानक धंस जाने से 9 मजदूर फंस गए। मजदूरों को निकालने के लिए फौरन रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। 29 घंटे तक चले राहत और बचाव कार्य के बाद 7 मजदूर सुरक्षित निकाल लिए गए लेकिन 2 मजदूर जमीन के अंदर जिंदगी की जंग हार गए।**

गौरतलब है कि स्लीमनाबाद में टनल के अंदर से नहर निर्माण के लिए सलैयाफाटक और खिरहनी की ओर से टनल खुदाई प्रगति पर है। खिरहनी की ओर से खुदाई में टनल बोरिंग मशीन (टीवीएम) का कटर बदलने व दूसरे मरम्मत कार्य मार्च में प्रस्तावित है। इसके लिए वर्तमान खुदाई से कुछ मीटर आगे 80 फिट गहरा गड्ढा खोदा जा रहा था। यहां टीवीएम के पहुंचने पर सुधार कार्य होता। तभी शनिवार देरशाम लगभग 25 फिट गड्ढा खुदाई के बाद यह हादसा हो गया। कुआंनुमा गड्ढा खुदाई में उसे मजबूती प्रदान करने के लिए सीमेंट कांक्रीट की दीवार खड़ी की जा रही थी। काम के दौरान नीचे पानी का बड़ा स्त्रोत मिलने के बाद कांक्रीट ढलाई में दिक्कतें आ रही थी और बेस कमजोर होने के बाद उपर से कांक्रीट की पूरी दीवार धंस गई। जिसमें मजदूर फंस गए। एसडीआरएफ के डिवीजनल कमांडेंड आशीष खरे ने बताया कि मलबे में फंसे मजदूरों को देखने डॉक्टरों की टीम नीचे गई थी। उसी समय एक मजदूर की मौत हो गई थी। दोनों मजदूरों का शव रात में बाहर निकाला जा सका। रात 12 बजे के बाद सुपरवाइजर रवि और मजदूर गोरेलाल का शव बाहर निकाला गया।

### राज्य सरकार ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

इस हादसे में मृतकों व घायलों के लिए राज्य सरकार ने आर्थिक सहायता की भी घोषणा की है। जिला जनसंपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में जिंदगी की जंग हारने वाले दो लोगों को 4-4 लाख रूपए व घायलों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने राज्य सरकार ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को निर्देशित किया है।

### एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें करती रही मशक्कत

स्लीमनाबाद में टनल खुदाई के दौरान शनिवार शाम हादसे के फौरन बाद बचाव कार्य प्रारंभ हुआ और नर्मदा विकास प्राधिकरण व ठेकाकंपनी कर्मचारियों की मदद से 3 श्रमिकों को निकाला गया। इसके फौरन बाद अंदर फंसे 6 श्रमिकों की निकालने के प्रयास में सबसे पहले कटनी से स्टेट डिजास्टर्स रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम पहुंची। एसीडीआरएफ को बचाव कार्य में परेशानी के बाद जबलपुर से नेशनल डिजास्टर्स रिस्पांस फोर्स (एनडीआएफ) की टीम बुलवाई गई। इस बीच रात में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे की जानकारी ली और सीएम के निर्देश पर भोपाल से एनडीआरएफ की टीम रवाना हुई जो 13 फरवरी की सुबह स्लीमनबाद पहुंची।

### 29 घंटे चला राहत व बचाव कार्य

-7:45 बजे शाम दीपक, नर्मदा व मोनीदास कोल बाहर निकले।
-2:25 बजे रात इंद्रमणि कोल को निकाला गया।
-3:30 बजे विजय कोल बाहर आए।
-9:30 बजे सुबह मोतीलाल कोल को निकाला गया।
-11:00 बजे नंदकुमार यादव को टीम ने बाहर निकाला।
-12 बजे रात के बाद सुपरवाइजर रवि और गोरेलाल का शव बाहर निकाला गया।

**आरोपी को पुलिस ने जंगल से दबोचा, उमरियापान थाना क्षेत्र के भनपुराकला में वारदात**

# जराही मारकर वृद्ध की हत्या, किशोर गंभीर




**कटनी/उमरियापान।** उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भनपुराकला में हत्या का मामला सामने आया है। रंजिश के चलते एक आरोपी ने वृद्ध को जराही मारकर मौत के घाट उतार दिया है जबकि बालक घायल है। आरोपी को पुलिस ने जंगल से दबोच लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को ग्राम भनपुराकला निवासी 15 वर्षीय विकास पिता रामविशाल विश्वकर्मा व 70 वर्षीय फूल्लू उर्फ फूलचंद पिता बंशु यादव को गांव के ही आरोपी अशोक उर्फ बैहा कोल ने दोनों को जराही (बका) से हत्या करने नियत से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई। दोनों घायल इलाज के लिए शासकीय अस्पताल उमरियापान में भर्ती कराए गए। डॉक्टर की सूचना पर शासकीय अस्पताल उमरियापान में विकाश विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर थाना उमरियापान में धारा 307, 326,324, 294,506 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनों घायलों को डाक्टर द्वारा जिला अस्पताल कटनी रिफर किया गया। फूल्लू उर्फ फूलचंद यादव की रास्ते में मौत हो गई। शव परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर मामले में धारा 302 का इजाफा किया गया। उक्त प्रकरण के आरोपी अशोक उर्फ बैहा कोल की पतासाजी के लिए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी गणेश विश्वकर्मा द्वारा आरोपी को रामकुण्डी के जंगल से दस्तयाब कर घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। जिसने घटना कारित करना स्वीकार किया। गिरफ्तारी के बाद 13 फरवरी को आरोपी को न्यायालय ढीमरखेडा पेश किया गया है। उक्त आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया। उमरियापान पुलिस के 12 घण्टे अन्दर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी गणेश विश्वकर्मा, कार्यवाहक उपनिरीक्षक राजकुमार झारिया, सहायक उपनिरीक्षक रामेश्वर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक मानसिंह मार्को, सहायक उपनिरीक्षक अवधभूषण दुबे, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक बसंत परौहा, शैलेश दमोहिया, रत्नेश दुबे, योगेश पटैल, भागसिंह की भूमिका रही।

## बरही पुलिस ने शुरू की किरायेदारों की जांच

**कटनी/बरही।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के के निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में किरायेदारों की जांच का अभियान चलाए जाने के लिए कहा गया है। बरही टीआई अरविंद जैन द्वारा किरायेदारों की चेकिंग अभियान चलाया गया है। जिसमें एक और बीट प्रभारी द्वारा थाना क्षेत्र में बैंक एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास रहने वाले किरायेदारों की चेकिंग की जा रही है। दूसरी ओर बरही टीआई द्वारा थाना क्षेत्र में किरायेदारों की जानकारी जमा कराए जाने के लिए अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। मकान मालिक अपने किरायेदारों की जानकारी बरही थाने में जमा कर रहे हैं। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि किरायेदारों की जानकारी जमा कराए जाने के लिए थाना बरही में पदस्थ प्रधान आरक्षक हरिशंकर तिवारी मो. नं. 7000642478 एवं प्रधान आरक्षक अनिल ठाकुर मोबाइल नंबर 947999 43343 पर संपर्क करने कहा गया है।

# फर्जी दस्तावेज से 16 लाख की धोखाधड़ी

### पुलिस ने दर्ज की एफआइआर

**कटनी।** किसी और की जमीन किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे रजिस्ट्री कराने का मामला प्रकाश में आया है। माधवनगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 14 जनवरी को हाउसिंग बोर्ड निवासी ओमप्रकाश खानवानी पिता कन्हैयालाल खानवानी को बड़वारा क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ जमीन को दिखाकर 16 लाख 8000 रुपए में सौदा तय कर कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे। इस बीच ओम प्रकाश को भूमि के दस्तावेजों में फर्जीवाड़े का आभास हुआ। उन्होंने पता किया तो उन्हें पता चला की जमीन किसी और की है और किसी अन्य व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने की तैयारी चल रही है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने भी जांच उपरांत पाया की जिस जमीन को आरोपियों द्वारा बेचा जा रहा है। वह जमीन उनकी है ही नहीं। पुलिस ने तत्काल धारा 420, 467, 468, 471 के तहत आबिद खान, प्रदीप गुप्ता,मनीष गुप्ता,सोहन लाल रजक, राम किशोर रजक पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। बताया जाता है कि पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया।

# पैकिंग हाऊस श्रमिकों की वेतनवृद्धि को लेकर एसीसी मैनेजमेंट से मिले विधायक संजय पाठक

### श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बैठक में हुए शामिल



**कैमोर।** एसीसी सीमेंट प्लांट के पैकिंग हाऊस में कार्यरत ठेका श्रमिकों की वेतन वृद्धि सहित कुछ अन्य मांगों को लेकर श्रमिकों एवं मैनेजमेंट के बीच समझौता होना है। यह समझौता अप्रैल 2020 में हो जाना चाहिए था पर मैनेजमेंट के रवैये के कारण इसमें देर हो रही। श्रमिक संगठनों सहित पैकिंग हाऊस के श्रमिकों द्वारा इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को अवगत कराया गया था। श्रमिको की मांग पर विधायक श्री पाठक ने कल कैमोर पहुंच कर एसीसी मैनेजमेंट के साथ बैठक की और वेतनवृद्धि को लेकर होने वाला समझौता शीघ्र कराये जाने का आग्रह किया। वेतनवृद्धि के अलावा श्रमिको को मैनेजमेंट की ओर से दी जाने वाली अन्य सुविधाओं पर भी विधायक श्री पाठक ने चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि पैकिंग हाऊस के श्रमिकों की वेतनवृद्धि को लेकर पिछली बार 2018 का समझौता भी विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की मध्यस्थता में हुआ था। श्रमिकों की मांग है कि इस बार भी समझौता विधायक की मौजूदगी में हो। इसी मुद्दे को लेकर विधायक श्री पाठक रविवार की शाम कैमोर पहुंचे जहां उन्होंने श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों को साथ लेकर एसीसी मैनेजमेंट से चर्चा की। बैठक में एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डीए हेड एच आर एच पी सिंहएचीफ मैनेजर अमिताभ राजनएइंटक यूनियन के अध्यक्ष अनिल मौर्याएपैकिंग हाऊस के संविदाकार रमेश ग्रोवर सहित श्रमिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। हेड एच आर श्री सिंह ने विधायक श्री पाठक को बताया कि वेतन वृद्धि का समझौता एसीसी के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में होना है। मुंबई मुख्यालय से इस संबध में निर्देशो की प्रतीक्षा की जा रही। वेतन वृद्धि के अलावा बाकी सुविधाएं श्रमिकों को पहले से ही उपलब्ध कराई जा रहीं। विधायक श्री पाठक ने मैनेजमेंट के सामने शर्त रखी कि समझौता चाहे जब भी हो समझौते का लाभ श्रमिको को एक अप्रैल 2020 से मिलना चाहिए। इस पर मैनेजमेंट ने अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए जल्द ही समझौते की प्रक्रिया पूरी करने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान इंटक अध्यक्ष अनिल मौर्या ने विधायक श्री पाठक को बताया कि पैकिंग हाऊस के ठेका श्रमिकों की वेतनवृद्धि एवं अन्य मांगों को लेकर बीते 4 फरवरी को इंटक प्रतिनिधि मंडल के साथ मैनेजमेंट की बैठक हुई थी जिसमें ठेका श्रमिकों को स्थायी श्रमिको की तरह ऊलन जर्सी दिए जाने, गुड़ - तेल का वितरण किये जाने, ठेका श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा में सहयोग करने एवं मेडिकल सुविधा दिए जाने की मांग रखी गई थी। मैनेजमेंट ने वेतनवृद्धि को छोड़कर शेष सभी मांगे मंजूर कर ली थी। केवल वेतनवृद्धि की मांग समझौता होने तक रोकी गई है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया था कि बैठक जब भी होगी विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की मध्यस्थता में होगी। इसे भी मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया था। कल विधायक श्री पाठक के साथ हुई मैनेजमेंट की बैठक में इंटक यूनियन के आनंद अवस्थी, केनू वाडिया, संजय रजक, मनीष नवैत, संजय गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्रा शालू की भी उपस्थिति रही।

### कोरोना से मृत श्रमिक की पत्नी को 5 लाख की सहायता



कोरोना की दूसरी लहर के दौरान पैकिंग हाउस में कार्यरत श्रमिक आनंद सिंह की कोरोना से मौत हो गई थी। विधायक श्री पाठक के आग्रह पर एसीसी मैनेजमेंट की ओर से कल डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी द्वारा दिवंगत श्रमिक आनंद सिंह की पत्नी शकुंतला सिंह को 5 लाख रुपये का चेक विधायक की मौजूदगी में सौंपा गया।


## युवती ने किया विषपान

**कटनी।** अज्ञात कारणों से परेशान होकर युवती ने जहर पी लिया है। बीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि खरखरी ग्राम निवासी 22 वर्षीय पुष्पा पटेल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों द्वारा युवती को अस्पताल लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। युवती ने विषपान करके आत्महत्या करने का प्रयास क्यों किया, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों द्वारा अस्पताल में यह जानकारी दी गई कि युवती ने धोखे से जहरीली दवा पी लिया है।

**रीठी पुलिस ने जप्त कर की कार्रवाई**

# बिना परमिट दौड़ रही थी बस

### परिवहन विभाग नहीं कर रहा जांच



**कटनी/रीठी।** जिले में बिना परमिट, फिटनेस के कई बसें दौड़ रही हैं लेकिन परिवहन विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ के चलते जिले में ना सिर्फ एक ही नंबर की बसें दौड़ रही हैं बल्कि बिना परमिट फिटनेस के भी बसें चलाई जा रही हैं। नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है। इस पर रीठी पुलिस ने कार्रवाई की है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि प्रधान आरक्षक केशव मिश्रा के साथ वाहन जांच के दौरान बस क्रमांक एम.पी.07पी-1127 जो कटनी से दमोह की तरफ सवारी लेकर जा रही थी। जिसके दस्तावेजों की जांच की गई तो यह बस बिना परमिट के चलती हुई पाई गई। जिस पर वाहन के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 67, 192 के तहत कार्रवाई करते हुए बस को जप्त कर लिया गया है। बस में बैठी सवारी को उनके गंतव्य तक जाने की व्यवस्था कर रवाना किया गया और प्रकरण न्यायालय में भेजा गया है।

### जिले भर में चल रही मनमानी

गौरतलब है कि इस तरह से बसों के संचालन में मनमानी पूरे जिले में जारी है। हाल ही में कलेक्टर-एसपी की छापेमारी में एक ही नंबर की दो बसों के संचालन का मामला सामने आया है। बसों में इमरजेंसी खिड़की पर सीट, फायर सेफ्टी, महिला सीट की अनदेखी की जा रही है। साथ ही फर्स्ट ऐड बॉक्स भी गायब रहते हैं। चालक और परिचालक बिना यूनिफार्म के रहते हैं। साथ ही बसों में क्षमता से अधिक सवारियां ढोई जा रही हैं। जिस पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नहीं है।

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent




Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)